卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 255 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦26 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## ओम बिरला फिर बने लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।भाजपा सांसद ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा के स्पीकर बन गए हैं। बुधवार को उन्हें ध्वनिमत से स्पीकर चुना गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राजस्थान के कोटा से तीसरी बार सांसद ओम बिरला को अपना प्रत्याशी बनाया था जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने केरल के मवेलीकारा से 8 बार सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को मैदान में उतारा था। ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा था। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विपक्ष की ओर से के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा। ध्वनिमत के आधार पर उन्होंने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खास बात यह भी रही कि ओम बिरला को आसन तक ले जाने के लिए पीएम मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी साथ आए। ओम बिरला सबसे सक्रिय सांसदों में रहे, स्पीकर के रूप में कड़े फैसले लेने के लिए भी जाने गए। राजस्थान के कोटा से तीन बार के सांसद ओम बिरला राजस्थान में तीन बार विधायक भी (शेष पृष्ठ सात पर)



## सीबीआई ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार, बिगड़ी तबियत

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। नई आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। यहां कोर्ट की अनुमति से सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के अधिवक्ता विवेक जैन ने सीबीआई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए और पूछा कि केजरीवाल एक गवाह से एक आरोपित में कैसे बदल गए? पूछताछ के दौरान केजरीवाल की तबियत बिगड़ गयी। उनका शुगर लेवल अचानक गिर गया जिस पर उन्होंने चाय और बिस्कुट की मांग की, जिसके लिए कोर्ट ने अनुमति दे दी। केंद्रीय जांच एजेंसी उन्हें बुधवार सुबह तिहाड़ जेल से लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची। अवकाशकालीन पीठ के न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष केजरीवाल को पेश किया गया। सीबीआई ने कोर्ट से उनकी कस्टडी की मांग की। केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई का कारण यह था कि वह उस कैबिनेट का हिस्सा थे जिसने शराब नीति को मंजूरी दी थी। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि रिश्वत लेने के बाद दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 में हितधारकों के मन मुताबिक संशोधन किए गए। थोक विक्रेताओं के लिए प्रॉफिट मार्जिन 5 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। केजरीवाल के (शेष पृष्ठ सात पर)



## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

### धान की रोपाई करने गया था युवक, तीन दिन के भीतर तीसरी मौत से हड़कम्प

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ग्राम मगरसड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहें एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार प्रात: बरसात के बीच ग्राम मगरसड़ा निवासी 34 वर्षीय सचिन सिंह राणा पुत्र नरेश सिंह राणा गांव में अपने खेत में धान की रोपाई व मेढ़ सही करने गया था कि तभी प्रात: 8 बजें आसमान से गिरी बिजली उस पर गिर गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सचिन राणा की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है युवक शादी शुदा था, जिसके परिवार की उसकी पत्नी व मां और 5 साल का एक बेटा है। युवक के पिता का पूर्व में ही देहान्त हो चुका है। युवक अपने घर में अकेला परिवार का खर्च चलाता था। युवक की मौत से घर में उसकी मां व पत्नी मधु देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस एंव प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। क्षेत्र में तीन दिन के भीतर आकाशीय बिजली गिरने से मौत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले धान की रोपाई के दौरान ही आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी थी। 24 जून को खटीमा के ग्राम सैजना





## बाबा केदार के दर पर पहुंचे सिंगर सोनू निगम

देहरादून (उद संवाददाता)। बॉलीवुड के मशहूर सिंगर सोनू निगम ने बुधवार सुबह भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। सोनू निगम सुबह सवा सात बजे हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। हैलीपेड पर तीर्थयात्री और उनके प्रशंसक बड़ी संख्या में उन्हें देखने और बातचीत करने के लिए को उत्सुक दिखे। बाद में कई प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाए। हैलीपैड पर मंदिर समिति और तीर्थपुरोहित समाज ने उनका स्वागत किया। उनके साथ पारिवारिक जन भी केदारनाथ दर्शन को पहुंचे थे। हैलीपेड से वह पैदल केदारनाथ मंदिर आए और बाहर से (शेष पृष्ठ सात पर)



## पिकप से गिरकर मां बेटे की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पिकअप का दरवाजा अचानक खुलने से मां बेटा नीचे गिरकर वाहन के पहिये की चपेट में आ गये। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच साल के पुत्र ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर शाम दन्या के बलसूना निवासी गीता पत्नी आन सिंह अपने पांच वर्षीय पुत्र को लेकर अपनी बड़ी बहन दुर्गानगर निवासी कविता के साथ अपने मायके गौलीमहर जा रही थी। तीनों पिकअप संख्या यूके 01 सीए 1276 में सवार हुए। लमगड़ा-गौलीमहर सड़क पर तीखी ढलान में गीता और उसका बेटा अचानक दरवाजे से बाहर छिटककर पिकअप के पिछले टायर के नीचे दब गए। हादसे में गीता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके पुत्र को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम है।थानाध्यक्ष लमगड़ा (शेष पृष्ठ 7 पर)

### पहाड़ी से गिरा पत्थर ,स्कूटी सवार की मौत

देहरादून(उद संवाददाता)। कालसी सहिया मार्ग पर मंगलवार रात पहाड़ी से गिरे पत्थर ने स्कूटी सवार की जान ले ली। अचानक पहाड़ी से भूस्खलन शुरू हुआ और एक बड़ा पत्थर स्कूटी सवार पर गिर गया। पहाड़ी से गिरे बड़े पत्थर के टकराने से स्कूटी सवार वाहन से नियंत्रण खो बैठा और स्कूटी के साथ 800 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस दौरान वहां से आते-जाते कुछ लोगों को जब इस हादसे का पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद देहरादून आपदा कंट्रोल रूम को सूचना दी। गयी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची। हादसा कालसी से 5 किलोमीटर आगे सहिया मार्ग पर हुआ था। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल(शेष पृष्ठ सात पर)

## नाले में मिला युवती और छह माह की बच्ची का शव, हत्या की आशंका

देहरादून (उद संवाददाता)। पटेलनगर बड़ोवाला क्षेत्र में एक नाले से छह माह की बच्ची और एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। दोनों शव करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहे हैं। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। दोनों की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम पटेलनगर के बड़ोवाला क्षेत्र में पेट्रोल पंप से आगे सूखे नाले में एक युवती और करीब छह माह के बच्चे का शव बमराद हुआ है। शवों से दुर्गन्ध आ रही थी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक शव 2-3 दिन पुराने हो सकता है। पुलिस ने दोनों की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। जिस पर पुलिस ने रात को दोनों शव मोर्चरी में रखवा दिये। सुबह पंचायत नामे की कार्रवाई की गयी। दोनों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस के मुताबिक जो दो शव मिले हैं उनके बारे में माना जा रहा है कि दोनों मां बेटी हैं। हालांकि इसका पता डीएनए रिपोर्ट के बाद ही चल सकता है। लेकिन ये बात पुलिस की मुश्किलें और बढ़ा रही है। पहले तो शवों की पहचान करना ही चुनौती है। इसके बाद दोनों के बीच संबंध में खंगालने होंगे। जिस स्थान पर महिला और बच्ची के शव मिले हैं वह क्षेत्र आता बेशक पटेलनगर थाना क्षेत्र में है, लेकिन वह शहर के बाहर का देहात क्षेत्र है। यहां पर भीड़भाड़ और आवागमन शहर की तुलना में कम है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण ज्यादा सीसीटीवी कैमरे भी नहीं है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास एक वेडिंग प्वाइंट है, लेकिन वह भी बंद है। बाकी स्थलों में ज्यादा सीसीटीवी कैमरे नहीं हैंइस मामले की तह तक जाने के लिए टीम का गठन किया गया है।

## फैक्ट्री में श्रमिक की अंगुलियाँ कटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार को सिडकुल स्थित एक कारखाने में प्रेस शॉप विभाग की प्रेस मशीन पर कार्य करते एक श्रमिक की चार अंगुलियां कट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ग्राम मकसूदनपुर रिच्छा, बहेड़ी निवासी कृष्ण पाल गंगवार ने बताया कि कारखाने की प्रेस मशीन पिछले काफी समय से खराब चल रही। जिसके बारे में सुपर वाईजर को भी बताया कि वह इस मशीन पर कार्य नहीं करेगा। लेकिन फिर भी उसे जबरदस्ती मशीन पर कार्य करने को लगाया था। मशीन में खराबी होने के कारण मशीन इवल हांक कर गयी और उसके दाहिने हाथ की चार अंगुलियाँ कट गई। दिव्यांग होने के कारण अब किसी भी कार्य करने में (शेष पृष्ठ सात पर)



## डीएम से की शिव नगर में विद्युत संयोजन लगवाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के विभिन्न कॉलोनियों में विगत 1 वर्ष से बिजली का कनैक्शन न लगाए जाने से रोषित लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंप विद्युत कनेक्शन लगवाए जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि ट्रांजिट कैम्प शिव नगर क्षेत्र में लगभग 10 कॉलोनिया है। जिसमें विगत 30 वर्ष से सैकड़ों परिवार अपना मकान बनाकर बिजली का कनैक्शन लगाकर जीवन यापन कर रहे है। विगत 1 वर्ष से विद्युत विभाग ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में विद्युत कनैक्शन नहीं दे रहा है। जिस कारण वहाँ की जनता (शेष पृष्ठ सात पर)



## मकान का ताला तोड़कर नगदी जेवर सहित लाखों का माल चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवर व हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। घटना के समय घर के लोग पास में ही स्थित दूसरे मकान में सो रहे थे। सुबह साढ़े चार बजे के समय जब घर का छोटा बेटा उठा और मकान की तरफ आया तो ताला टूटा देखकर चोरी का पता चला। मौ पक्काकोट नागनाथ मंदिर के समीप मानपुर रोड पर एक गली में सुनील कश्यप व उसके भाई के घर में यह चोरी की वारदात हुई। सुनील ने बताया कि रात में वह तथा उसका परिवार बगल वाले घर में सोने गये थे। आज सुबह ताला टूटा देखकर उन्हें चोरी का पता चला। जब वह लोग मकान के भीतर गये तो अन्दर सब कुछ अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था।घर के अंदर आलमारी खुली हुई थी और आलमारी के भीतर बनी तिजोरी में से सोने चांदी के जेवर व तीस हजार रुपए की नकदी गायब थी। सुनील ने बताया कि उसकी व उसके भाई की शादी का सारा जेवर चोर साफ कर ले गए। चोरी की सूचना पुलिस को तत्काल दे दी गई है। उधर गली के नुक्कड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरे दो(शेष पृष्ठ सात पर)

# सभी बांधों और बैराजों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करें और ऑटोमेटिक सेंसर लगाएं : रंजीत सिन्हा

## ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए भी एक दल जल्द भेजा जाएगा

देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी मानसून को लेकर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बांध परियोजना के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में प्रदेश की बांध परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने मानसून के दृष्टिगत अपनी-अपनी तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले पखवाड़े में बांधों की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल में यह देखा जाएगा कि सेंसर और सायरन सही काम कर रहे हैं या नहीं। जो एसओपी बांध परियोजनाओं द्वारा बनाई गई हैं, आपातकालीन स्थिति में वह एसओपी धरातल में कितनी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि बांधों और बैराजों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी बहुत जरूरी है। सभी बांध ऑटोमेटिक सेंसर लगाएं ताकि एक निश्चित सीमा से बांध या बैराज का जल स्तर बढ़े तो सायरन खुद बज जाए। डॉ. सिन्हा ने धौलीगंगा बांध परियोजना के प्रतिनिधियों से धारचूला में 360 डिग्री का पांच किलोमीटर तक की रेंज वाला सायरन लगाने के निर्देश दिए। बैठक में टीएचडीसी के एजीएम एके सिंह ने बताया कि गाद जमा होने के कारण टिहरी बांध की जल भंडारण क्षमता 115 मिलियन घन मीटर तक घट गई है। पहले यह 2615 मिलियन घन मीटर थी और वर्तमान में यह 2500 मिलियन घन मीटर पर आ गई है। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. सिन्हा ने उत्तर प्रदेश इरिगेशन विभाग के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई। उत्तराखण्ड में उत्तर प्रदेश इरीगेशन के नियंत्रणाधीन बांध और बैराजों में अर्ली वार्निंग सिस्टम नहीं लगाने पर सचिव आपदा प्रबंधन ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डॉ. सिन्हा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी ग्लेशियरों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है, इसलिए इनका अध्ययन भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि ग्लेशियर झीलों के अध्ययन के लिए जल्द एक दल जा रहा है। ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए भी एक दल जल्द भेजा जाएगा। यूजेवीएनएल के अधिशासी निदेशक पंकज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि उन्होंने सेटेलाइट फोन भी खरीद लिए हैं। आपदा के समय यदि संचार व्यवस्था ठप्प हो जाए तो इनसे संवाद करने में बड़ी मदद मिलेगी। डॉ. सिन्हा ने जेपी ग्रुप की विष्णुप्रयाग बांध परियोजना के प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत दी कि वे जल्द से जल्द अपनी एसओपी, इमरजेंसी एक्शन प्लान और शैडो कंट्रोल यूएसडीएमए के राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के साथ साझा करने को कहा। बैठक में यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) श्री आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) श्री राजकुमार नेगी, अपर सचिव महावीर सिंह चौहान, संयुक्त सचिव विक्रम सिंह यादव, उप सचिव ज्योतिर्मय त्रिपाठी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ देवीदत्त डालाकोटी, डॉ. पूजा राणा, डॉ. वेदिका पंत, रोहित कुमार, तंद्रीला सरकार, मनीष भगत, हेमंत बिष्ट के साथ ही विभिन्न बांध परियोजनाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।



# सुद्धोवाला जेल में विचाराधीन दो बंदियों की हार्ट अटैक से मौत

देहरादून। देहरादून के सुद्धोवाला जिला कारागार में मंगलवार को विचाराधीन दो बंदियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों को दिल का दौरा पड़ा था। कुछ घंटों के अंतराल पर दोनों को तबीयत बिगड़ने पर दून अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों कैदियों के शव को मोर्चरी में रखवाया है, जहां बुधवार को उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जेलर पवन कोठारी ने बताया कि एक बंदी रणवीर सिंह रावत (45 वर्ष) निवासी ग्राम ढंगू मंदार, घनसाली, जिला टिहरी को 23 जून को वाहन चोरी के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में जेल लाया गया था। रणवीर रावत की पत्नी मंगलवार दोपहर उससे मिलने के लिए भी आई थी। कुछ देर बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। जेल प्रशासन ने रणबीर को दून अस्पताल भिजवाया। लेकिन, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर दूसरे बंदी का नाम डॉ. संजय दास निवासी बिहार है। दास की भी मंगलवार दोपहर को तबीयत खराब हुई थी। उसे भी दून अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दास को भी मृत करार दिया। दास 2018 से सुद्धोवाला जेल में बंद था। उस पर आरोप है कि 2017 में हुए चर्चित किडनी कांड में शामिल रहा था। इस पर गैंगेस्टर का मुकदमा भी था। तब से वह न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद था। कुछ समय पहले दास को दिल में स्टंट भी डाले गए थे। प्रथमदृष्टया दोनों की मौत का कारण हृदयघात बताया जा रहा है। दोनों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# टिहरी हादसे में आरोपी कार चालक अधिकारी निलंबित

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को टिहरी में हुई वाहन दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है तथा दिवंगतों की आत्म की शांति की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री द्वारा इस दु:खद घटना का संज्ञान लेते हुए स्वयं वाहन चला रहे सहायक खण्ड विकास अधिकारी जाखणीधार, टिहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड को दिए गए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड द्वारा अपने निजी वाहन से दुर्घटना घटित करने के फलस्वरूप श्री देवी प्रसाद चमोली सहायक खण्ड विकास अधिकारी विकासखण्ड जाखणीधार को उत्तराखण्ड सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली में उल्लिखित प्राविधान नैतिक अधमता एवं आपराधिक आरोप के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# देशभर में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों हेतु उत्तराखण्ड की तैयारी पूरी : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। देशभर में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों हेतु उत्तराखण्ड की तैयारी पूरी हो चुकी है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आज गृह सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में सभी राज्यों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह जानकारी दी है। सीएस ने कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले 3 नए आपराधिक कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय सुरक्षा अधिनियम 2023 हेतु उत्तराखण्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य सचिव ने बताया कि नये आपराधिक कानूनों के पास होने के बाद हमारे द्वारा सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूटऔर ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट से समन्वय स्थापित कर पीटीसी एटीसीतथा अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों से 50 अधिकारियों को गाजियाबाद और जयपुर से मास्टर ट्रेनर का कोर्स कराया गया है। साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस हस्तपुस्तिका तैयार की गई है। जिसके आधार पर सारे कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसमें वृहद कानूनों को सरल तरीके से पढ़ने की विधि तैयार की गई है। जिसकी एक एक प्रति समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को वितरित की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि ट्रेनिंग को जिला स्तर पर डीसेंट्रलाइज किया गया। ऐसे कर्मचारी जिनका पुलिस विवेचना में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं होता है, उन्हें ऑनलाइन मोड में प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि आरटीसी में संचालित नागरिक पुलिस पीएसी के लगभग 1000 रिक्रूट आरक्षियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त लगभग 500 मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति हेतु भी नये आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया है। समस्त आईपीएस अधिकारियों तथा जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में सचिव श्री दिलीप जावलकर सहित गृह विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# एम्स दिल्ली पहुंचकर बिनस हादसे के घायलों का हाल जाना

नई दिल्ली। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एम्स दिल्ली पहुंचकर अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभयारण्य में वनाग्नि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए प्रांतीय सशस्त्र बल के जवान कुंदन सिंह नेगी, दिहाड़ी मजदूर कैलाश भट्ट और वाहन चालक भगवत सिंह भोज का हालचाल जाना। सीएम धामी ने घायलों के उपचार के संबंध में एम्स के निदेशक से बात की और घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान घायलों के परिजनों ने मुख्यमंत्री को बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।







# राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने थपथपायी सरकार और संगठन की पीठ

## केंद्रीय राज्यमंत्री के आवास पर हुई प्रदेश के भाजपा नेताओं और सांसदों की बैठक

नई दिल्ली/ देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क व परिवहन राज्यमंत्री श्री अजय टम्टा के शासकीय आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी श्री दुष्यंत कुमार गौतम एवं सह प्रभारी श्रीमती रेखा वर्मा की उपस्थिति में प्रदेश के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदगणों के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों के साथ-साथ बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित सांसदगणों के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले जन-जन तक पहुंचाने पर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट व प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री अजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की उपस्थिति में हुई बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, सांसदों व भाजपा के प्रांतीय पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों सीटों पर लगातार तीसरी जीत के लिए संगठन और सरकार की पीठ थपथपाई गई। साथ ही लोकसभा चुनाव में उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई, जहां पार्टी कमजोर रही है। इसके साथ ही विधानसभा की दो सीटों के उपचुनाव में पूरी ताकत से जुटकर इतिहास बनाने पर भी जोर दिया गया। दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा के शासकीय आवास पर मंगलवार देर रात हुई बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा करने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, लोकसभा सदस्य अनिल बलूनी, अजय टम्टा, अजय भट्ट, त्रिवेंद्र सिंह रावत, माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, डा कल्पना सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तय समय पर ही होंगे किच्छा व्यापार मंडल के चुनाव: भुड्डी

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव समय पर ही संपन्न होंगे। चुनाव स्थगित करने का कोई भी ठोस कारण अभी तक नहीं आया है। यदि व्यापार मंडल के सदस्यता अभियान के चलते सरकार द्वारा बीच में नगर पालिका चुनाव की घोषणा की जाती है तो व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव आगे बढ़ा दिए जाएंगे और यदि सरकार द्वारा नगर पालिका के चुनाव सितंबर अक्टूबर माह में कराए गए तो नगर व्यापार मंडल के चुनाव इससे पहले कर दिए जाएंगे। यह बात प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने रुद्रपुर किच्छा रोड पर स्थित एक निजी होटल में बुलाई गई प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि चुनाव स्थगित करने का अभी तक उनके पास कोई भी ठोस कारण संज्ञान में नहीं आया है। इसलिए किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव सदस्यता अभियान समाप्त होने के तुरंत बाद ही किसी भी समय कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव को संपन्न करने के लिए गठित चुनाव समिति का कार्य पूर्ण रूप से पारदर्शी है तथा एक-एक सदस्य का वैध पत्र लेकर के ही सदस्यता दी जा रही है। जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने कहा कि चुनाव का बहिष्कार करने का लोगों का अपना निर्णय होता है। इसमें जिला कार्यकारिणी का कोई निर्णय नहीं है जिस किसी को चुनाव लड़ना है और जिन्हें चुनाव नहीं लड़ना है उन्हें जबरदस्ती चुनाव भी नहीं लड़ा जा सकता। इस सवाल के जवाब में कि यदि अध्यक्ष पद पर मात्र एक ही दावेदार आया तो क्या चुनाव डाले जा सकते हैं के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रतिबंध ही नहीं खड़ा होगा तो जो भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरेगा वह निर्विरोध चुना जाएगा। जिन-जिन पदों के लिए जिन पदों पर प्रतिद्वंदी आएंगे उन पर चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने चुनाव बहिष्कार करने के मुद्दे पर कहा कि पिछली कार्यकारिणी का चुनाव कार्यकाल जनवरी माह में समाप्त हो गया था। नगर व्यापार मंडल के चुनाव संपादित करने के लिए निवर्तमान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित चुनाव समिति के सदस्य एवं जिला कार्यालय के सदस्य द्वारा बैठक कर चुनाव संपन्न करने का निर्णय लिया गया था तथा यह तय किया गया था कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद यदि नगर पालिका चुनाव सरकार द्वारा कराए गए तो नगर व्यापार मंडल के चुनाव उसके बाद कराए जाएंगे यदि सरकार द्वारा नगर पालिका चुनाव नहीं कराए गए तो नगर व्यापार मंडल के चुनाव कराए जाएंगे। सरकार द्वारा नगर पालिका के चुनाव हेतु तीन माह का समय बढ़ाए जाने के बाद मीटिंग के अनुसार नगर व्यापार मंडल के चुनाव कराए जा रहे हैं जिनका विरोध करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा नगर के वरिष्ठ व्यापारी चुनाव समिति के अधिकारी सतपाल गाबा के प्रतिष्ठान पर जो धरना प्रदर्शन किया, जिला कार्यकारिणी घोर निंदा करती है। सतपाल गाबा व्यापारियों में सबसे सम्मानित व्यक्ति हैं। ऐसा किया जाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि नगर व्यापार मंडल के सदस्य अभियान हेतु कैंप लगाने की जो मांग की जा रही है। उस पर विचार किया जा रहा है किंतु वर्तमान में नगर में तीन निर्धारित स्थान बनाए गए हैं। जहां 8 से 10 घंटे तक चुनाव अधिकारी बैठ रहे हैं और व्यापारियों के सदस्य अभियान के तहत सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी यदि जिला कार्यकारिणी को लगेगा कि कैंप लगाए जाने की भी आवश्यकता पड़ सकती है तो निश्चित समय के बाद एक कैंप भी लगा दिया जा सकता है। जिसमें जो भी व्यक्ति छूट गया हो अपना सदस्य ग्रहण कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सदस्यता अभियान 30 जून के बाद आगे भी बढ़ाया जा सकता है। उसके उपरांत सदस्यों की लिस्ट बनाकर उसे क्रास चेकिंग कर आपत्ति भी मांगे जाएंगे। जिनका समय निश्चित होगा तथा आपत्ति आने के बाद उन सदस्यों का क्रॉस चेकिंग किया जाएगा। आपत्ति निस्तारित होने के बाद व्यापार मंडल की सदस्यों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यापारी अपने सदस्यता ले और सदस्यता रसीद को संभाल कर रखें जो की मत देने के काम आएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा, जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन, जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल उपेंद्र नागर, हर्षवर्धन आदि थे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## सेवा क्रांति ट्रस्ट ने बिछुड़ी वृद्ध महिला को परिजनों से मिलाया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर गरीब, परेशान लोगों के साथ पशुओं की सेवा कर रहे सेवा क्रांति ट्रस्ट ने अपने परिजनो से बिछुड़ी वृद्ध महिला को खोजकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया, जिससे परेशान परिजनों की खुशियां लौट आई है। वहीं परिजनों ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। ट्रस्ट के सदस्य रामवीर यादव व अलका अरोडा ने बताया कि तीन दिन से घर से निकली एक बुजुर्ग महिला अपने परिजनों से बिछुड़ गई थी। परिवार वाले महिला को ढूंढ कर थक चुके थे, पर महिला का कही कोई पता नही चल रहा पा था। रविवार को सेवा क्रांति ट्रस्ट के सदस्यों की मेहनत रंग लाई और महिला को ढूंढ निकाला। महिला जीजीआईसी कॉलेज के पास रोड पर बेहोश हालत में थी, कुछ बोल नहीं पा रही थी फिर टीम के सदस्यों ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए रात को इनके परिवार वालो को ढूंढा और





रात्रि करीब 9:00 बजे परिजनों का पता चल पाया। रात्रि में ही मां को घर वालो को सौंप दिया। महिला लक्ष्मी देवी वर्मन पत्नी रामचरन वर्मन ट्रांजिट कैंप के ई-20 ब्लाक की रहने वाली थी। महिला के पति रामचरन वर्मन के मुताबिक उसकी पत्नी 21 जून को अचानक गायब हो गई थी, काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं मिल सका। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। रामचरन वर्मन ने सेवा क्रांति ट्रस्ट द्वारा उसकी पत्नी को खोजकर परिजनों से मिलाने पर खुशी जताते हुए टीम के सदस्यों की सराहना की। टीम की सदस्य अलका अरोडा ने कहा कि सेवा क्रांति ट्रस्ट लगातर अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। चाहे कोई भी काम हो और आज हमारी टीम के योद्धा रामवीर यादव, राहुल कोली ने इस कार्य को सफल बनाया।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

रामनगर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद की रामनगर शाखा द्वारा अग्रवाल सभा भवन में रक्तदान एवं आंखों की जांच का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का लाभ रामनगर के कई लोगों ने लेते हुए संस्था के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में भी समाज हित के लिए इस प्रकार के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में काशी चौरिटेबल ब्लड बैंक एवं कृष्ण हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर में अपना विशेष सहयोग दिया गया जबकि सीएल गुप्ता आई बैंक द्वारा मरीजों की निशुल्क आंखों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शिविर में आए लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और चिकित्सकों द्वारा मरीज को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को लेकर सलाह भी दी गई। उन्होंने बताया कि संस्था का मकसद है कि जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान को लेकर लोगों को जागरूक करना है ।उन्होंने बताया कि आज जहां एक और शिविर में भारी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर आंखों की जांच कराई तो वहीं कई लोगों द्वारा नेत्रदान को लेकर संकल्प पत्र भी भर गया उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग देने वाली सभी संस्थाओं का आभार भी व्यक्त किया।





## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ठेले और पार्क में शराब पीने और परोसने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान एमबीपीजी कॉलेज के सामने पार्कों में युवक-युवतियां शराब पीते नजर आए। एक युवती शराब पीते पकड़े जाने पर बहाने बनाने लगी। इस पर पुलिस ने युवती को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान शराब भी नष्ट की गई। पुलिस ने 15 लोगों के चालान काटकर उनके परिजनों को बुलाकर हिदायत दी। सड़क पर वाहन और ठेली लगाने वालों पर भी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। नितिन लोहानी ने बताया कि अगर ठेले लगाने वालों ने किसी को शराब पिलाई तो उनके खिलाफ कई कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम में कोतवाल उमेश मलिक भूतिया पड़ाव चौकी पुलिस सहितआदि रहे।

किराये हेतु
- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# खिलाड़ियों में अनुशासन के साथ खेल भावना जरूरी: त्यागी

## तीन दिवसीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर पुलिस खिलाड़ी में किसी भी खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से पूर्व अनुशासन के साथ खेल भावना का होना आवश्यक है। यह बात जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने पुलिस लाईन में आयोजित 23 वीं प्रादेशिक जनपद वाहिनी पुलिस कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, एवं आर्म कुश्ती प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि रिमझिम वर्षा के बीच शुभारम्भ करने के बाद खिलाड़ियों का संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का आवश्यक अंग हैं। बिना खेल के जीवन अधूरा हो जाता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर न्यायधीश श्री त्यागी का एसएसपी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीएफओ इशान कटारिया, आर आई मनीष शर्मा आदि पुलिस अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। न्यायधीश श्री त्यागी ने पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिसके पश्चात प्रदेश भर आई पुलिस टीमों के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। खिलाड़ियों द्वारा खेलों में निष्ठा से प्रतिभाग करने की शपथ लेने के बाद मुख्य अतिथि श्री त्यागी के साथ एसएसपी मंजूनाथ टीसी आदि अधिकारियों ने रंगबिरंगे गुब्बारे उड़ाये और प्रतियोगिता के विधिवत शुंभारम्भ करने की घोषणा की। न्यायधीश श्री त्यागी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का पहला कुश्ती मैच नैनीताल के आनन्द गिरी व 40 वीं वाहिनी के भूपेन्द्र सिंह के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता में राज्य की लगभग 14 पुलिस टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का समापन आगामी 28 जून को प्रातः पुरूस्कार वितरण के साथ होगा। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक कुमांयूं परिक्षेत्र डा. योगेन्द्र सिंह रावत होंगे। इस दौरान सीएमओ मनोज शर्मा, सीओ पंतनगर ओम प्रकाश शर्मा, सीओ संचार रेवाधर मठपाल सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपहरण कांड में पांच गिरफ्तार, लापता किशोरियां बरामद

## बनभूलपुरा से अपहृत दो बालिकाओं को पुलिस ने मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से बरामद किया बालिकाओं को मुंबई भगाने के फिराक में था नाबालिग लड़के का मामा, आमिल भी था शामिल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पिछले कई दिनों से लापता नाबालिग किशोरियों की बरामदगी को लेकर व्याप्त जनाआक्रोश के बीच पांच दिन बाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार सांय एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने अपहरण कांड का खुलासा करते हुए बताया कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा से अपहृत दो बालिकाओं को पुलिस ने मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। पुलिस ने किशोर को भी पकड़ लिया है। पूछताछ में दूसरे समुदाय की किशोरियों को भगाने में कुछ मददगारों के नाम सामने आने पर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि दोनों छात्राएं किशोर और एक अन्य लड़के के साथ मुंबई भागने की फिराक में थीं। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र की 9वीं और 11वीं में पढ़ने वाली दोनों छात्राएं एक ही घर में रहती थीं और इनमें से एक किराएदार थी। नाबालिग लड़का भी इन दोनों के घर के पास रहता था। 20 जून की शाम सात बजे वह इन दोनों को अपने साथ ले गया। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि लापता छात्राओं की तलाश में चार टीमें लगाई गईं थीं। इन तीनों को हल्द्वानी बस अड्डे में देखा गया था जहां से आरोपी लड़का उन्हें ई-रिक्शा में बैठाकर मंगलपड़ाव ले जाता नजर आया। सीसीटीवी और लड़कियों के मोबाइल की सीडीआर खंगाली गई तो लोकेशन मृदाटोला सहसवान बदायूं में मिली। इस क्षेत्र में आरोपी लड़के की बहन निशा उर्फ नूरीन पत्नी उजैर उर्फ आसिफ रहती है। टीम यहां पहुंची लेकिन सभी 20 मिनट पहले ही वहां से निकल चुके थे। निशा ने भागने के लिए आरोपी लड़के को दो हजार रुपये भी दिए। पुलिस ने पूछताछ की तो निशा और उसके पति उजैर ने लड़कियों के घर आने की बात छिपा ली। पुलिस के जाते ही निशा ने लड़के के मामा मो. अब्दुल शमी उर्फ भोला को सूचना दी। इसके बाद आरोपी लड़के की बहन, जीजा और मामा ने पुलिस को गुमराह करना शुरू किया और दूसरी ओर से तीनों को मुंबई भेजने की योजना बनाने लगे। इसी बीच पुलिस को पता लगा कि तीनों ट्रेन से बैठकर दिल्ली निकले हैं। टीम पीछे लगी और तीनों को रेलवे स्टेशन मंसूरपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। इनके साथ एक लड़का आमिल पुत्र अमीर हसन निवासी ग्राम बिहारी सिखेड़ा मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश भी था,जिसे पूछताछ के लिए पुलिस अपने साथ लाई है। सर्विलांस से तीनों नाबालिग पकड़े गए और पुलिस ने राहत की सांस ली। आमिल गलती नहीं करता और मोबाइल में अपना सिम नहीं डालता तो तीनों पुलिस की पकड़ से काफी दूर जा चुके होते। आमिल और तीनों नाबालिग मंगलवार रात मुंबई भागने वाले थे। अपहरण के मामले में शामिल आमिल पुत्र अमीर हसन निवासी ग्राम बिहारी थाना सिखेड़ा जिला मुजफ्फरनगर यूपी,निशा उर्फ नूरीन पत्नी उजैर उर्फ आसिफ निवासी मृदाटोला थाना सहसवान बदायूं,उजैर उर्फ आसिफ पुत्र हफीज अहमद निवासी मृदाटोला, अब्दुल समी उर्फ भोला पुत्र अब्दुल रशीद निवासी लाइन नंबर 17 थाना बनभूलपुरा, नाबालिग लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने पुलिस टीम पर की ईनाम की बौछार : खुलासे के बाद एसएसपी सहित आलाधिकारियों ने टीम पर बौछार कर दी। डीजीपी ने टीम को 20,000, डीआईजी ने 5,000 और एसएसपी ने 2,500 रुपये इनाम की घोषणा की। टीम में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, भीमताल थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसआई गौरव जोशी, एसआई फिरोज आलम, एसआई विरेंद्र चंद्र, एसआई अनिल कुमार, एसआई मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल इशरार नवी, ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल राजेश बिष्ट, अरुण राठौर, नवीन राणा, संतोष बिष्ट, कारज सिंह, महबूब आलम, मुनेन्द्र, शिवम थे।





# तो अब्दुल समी है मास्टरमाइंड: आमिल ने दो दिन अपने घर में छिपाकर रखा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस के अनुसार नाबालिग लड़के का मामा इस पूरे अपहरण कांड का मास्टरमाइंड है। वही अपने भांजे को शादी करने, उसे घर से भगाने की राय दे रहा था। वह पूर्व में दूसरे समुदाय की लड़की से शादी कर चुका है। इस मामले में उसे जेल भी हुई थी। बनभूलपुरा निवासी अब्दुल समी अपने भांजे को दूसरे समुदाय की लड़की से शादी करने की राय दे रहा था। अब्दुल समी वर्ष 2022 में दूसरे समुदाय की लड़की से शादी कर चुका है। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने इसे पकड़ा था। उस समय जिस लड़की से अब्दुल समी ने शादी की थी, वह नाबालिग थी। इस कारण पुलिस ने लड़की को नारी निकेतन भेज दिया था। बाद में जेल से छूटने और लड़की के बालिग होने पर अब्दुल समी ने उससे शादी कर ली। वह भी अपने भांजे की शादी दूसरे समुदाय की लड़की से कराना चाहता था। पुलिस के अनुसार पहले दिन बदायूं होने की सूचना भी समी ने इन तक पहुंचाई थी। साथ ही यह भी बताया था कि पुलिस उनके पीछे पड़ी है, मोबाइल मत खोलना। तीनों नाबालिग और आमिल मुबंई भागना चाहते थे। मुंबई भागने के बाद ये वहीं शादी करना चाहते थे। आमिल ने तीनों से दिल्ली रेलवे स्टेशन में मिलने के लिए कहा था। मंगलवार की रात इन्होंने दिल्ली से मुबंई के लिए ट्रेन पकड़नी थी। आमिल ने तीनों को पहले ही रेलवे स्टेशन भेज दिया और इनसे कहा कि वह दिल्ली पहुंचे और स्टेशन से बाहर न निकलें। वह शाम की ट्रेन से दिल्ली आएगा। इसके बाद वह मुंबई जाएंगे। वहीं काम करेंगे। बालिग होने पर वह वापस अपने-अपने घर चले जाएंगे। आमिल पुत्र हसन तीन साल राजपुरा क्षेत्र में रह चुका है। वह यहां टाइल और पत्थर लगाने का काम करता था। तब इनकी आपस में दोस्ती हो गई थी। ये आपस में बात भी करते थे। आमिल किराएदार की लड़की से शादी करना चाहता था। इस कारण उसने इन्हें भागने में पूरी मदद की। साथ ही एक हजार रुपये में मोबाइल खरीदा और दो हजार रुपये दिल्ली जाने और रहने के लिए भी दिए। आमिल ने दो नाबालिग छात्राओं और लड़के को दो दिन अपने घर में शरण दी। भागने के लिए सहयोग भी किया। 2000 रुपये भी दिए। तीनों नाबालिग भागते हुए पहले बदायूं पहुंचे। पुलिस को जब पता चला कि ये बदायूं में हैं। इनकी लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस बदायूं पहुंची। पुलिस के पहुंचने से 20 मिनट पहले निशा और उजैर ने उन्हें भगा दिया। इसके बाद ये ट्रेन से दिल्ली गए। दिल्ली से दोबारा मुजफ्फर नगर पहुंचे। यहां दो दिन किराएदार की लड़की के दोस्त आमिल के वहां रुके। वहां से मुंबई भागने वाले थे।

## नाबालिग शातिर ने तोड़ दिया था सिम, पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर तीनों को दबोचा

हल्द्वानी। नाबालिग छात्र-छात्राओं को पता था कि पुलिस मोबाइल लोकेशन से उन्हें पकड़ सकती है। इस कारण उन्होंने बदायूं पहुंचते ही सिम तोड़ दिया। इसके बाद मोबाइल भी बंद कर दिया। इस कारण पुलिस तीनों नाबालिग को मुखबिर तंत्र के सहारे खोज रही थी। दो नाबालिग छात्राओं और नाबालिग युवक के पास पैसे नहीं थे। इसके लिए इन्होंने एक हजार रुपये में अपने दोस्त आमिल को मोबाइल बेच दिया। मोबाइल में जैसे ही आमिल ने सिम लगाया। पुलिस को लोकेशन मिल गई और तीनों पकड़े गए। साथ ही मददगार भी दबोचे गए। पुलिस ने नाबालिग का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया था। पांच दिन से इनका मोबाइल बदायूं के बाद से बंद आ रहा था। पुलिस मोबाइल की ईएमआई को दो बार सर्विलांस में लगाकर चेक कर रही थी। सोमवार रात पुलिस को मोबाइल की लोकेशन मुजफ्फरनगर में मिली। एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओजी इंचार्ज संजीत राठौर, मंडी चौकी इंचार्ज दिनेश जोशी के नेतृत्व में टीम मुजफ्फरनगर पहुंची। यहां से बिहारी सिखेड़ा निवासी अमिल के घर पहुंची और उसे उठाया फिर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि मोबाइल अपनी नाबालिग दोस्त से खरीदा है। वह दिल्ली जाने वाले हैं और अभी रेलवे स्टेशन पर होंगे। पुलिस आमिल को लेकर रेलवे स्टेशन पहुंची और तीनों को पकड़ लिया। नाबालिग लड़के का मामा तीनों की मदद कर रहा था। इन्हें पता था कि पुलिस उनके पीछे पड़ी है, जब भी ये ट्रेन से भागते तो पहले रेलवे स्टेशन पर देखते थे कि कहीं कोई पीछा तो नहीं कर रहा है। इसके बाद ये कुछ देर वहीं कोना देखकर छुप जाते। पुलिस जब मुजफ्फर नगर रेलवे स्टेशन पहुंची तो तीनों नाबालिग ने आमिल के साथ कुछ लोगों को देख लिया। इस कारण वह रेलवे स्टेशन में कोने में छुप गए। उधर ट्रेन आने के समय जैसे ही ये निकले तो पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया।

# सीएम धामी ने केंद्र से मांगा एक हजार करोड़ का पैकेज

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर सीएम ने प्रधानमंत्री को महासू देवता मंदिर की प्रतिकृति, बद्रीनाथ धाम की प्रसाद सामग्री एवं शॉल भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जौनसार बावर क्षेत्र में स्थित महासू देवता मंदिर क्षेत्र को मास्टर प्लान के तहत विकसित करने हेतु चर्चा की। वार्ता के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों एवं सामरिक दृष्टिकोण से पूर्व अधिसूचित नियम 2017 की व्यवस्था को यथावत रखने का अनुरोध भी किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से अलकनंदा, भागीरथी तथा सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं के संबंध में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित विशेषज्ञ समिति-2 की अन्तिम रिपोर्ट पर जल शक्ति मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुर्नसमीक्षा करने के लिए अनुरोध किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से इंटीग्रेटड मैनुफैक्सरिंग कलस्टर खुरपिया के अनुमोदन, देहरादून-मसूरी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति, प्रस्तावित ज्योलिकांग -वेदांग 05 किमी, सीपू-तोला 22 किमी. और मिलम-लैपथल 30 किमी टनल परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध भी किया। साथ ही मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के प्रथम चरण में 16 मंदिरों के समग्र विकास एवं मंदिर मार्गों को 02 लेन करने के लिए 01 हजार करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिए एनएनएलपी तथा औद्योगिक विकास हेतु ठभ्म्स् हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तान्तरण का अनुरोध किया। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से भेंट की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण की गाइडलाइंस के अनुसार, पुनर्निर्माण के लिए कम धनराशि होने के कारण आवश्यक धनराशि राज्य को वहन करनी पड़ती है। राज्य सरकार के पास सीमित संसाधनों के वजह से परियोजना के पुनर्निर्माण में विलम्ब होता है। उन्होंने राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत पुनर्निर्माण के लिए धनराशि बढ़ाने का अनुरोध केन्द्रीय गृह मंत्री से किया। राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त 33 के. वी. से अधिक क्षमता की एचटी लाईन के पुनर्निर्माण के लिए राज्य के लिए धनराशि की व्यवस्था का अनुरोध भी मुख्यमंत्री ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की वृद्धि को देखते हुए पार्किंग की समस्या है। उन्होंने नैनीताल स्थित शत्रु सम्पति मेट्रोपोल होटल परिसर की समस्त भूमि वाहन पार्किंग एवं सड़क चौड़ीकरण के लिए राज्य सरकार को दिए जाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री से अनुरोध किया।





# रामनगर पहुंचने पर शहरी विकास मंत्री का किया स्वागत

रामनगर (उद संवाददाता)। शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल रामनगर स्थित नगर पालिका पहुंचे जहां उनका विधायक दीवान सिंह बिष्ट सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नगर पालिका स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण करते हुए पालिका प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले लोग कूड़ा से घृणा करते थे लेकिन सरकार द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाए जाने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं जिससे जहां एक और पालिका को राजस्व की प्राप्ति हुई है तो वही कई लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर तीन माह का समय सरकार ने मांगा है। उन्होंने कहा कि इस समय में मतदाता सूची तैयार करने के साथ ही आरक्षण भी तय कर दिया जाएगा तथा शीघ्र ही निकाय चुनाव कराए जाएंगे इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश भर की नगर निकायों में नगर पालिका का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त किए गए थे उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि जब जनप्रतिनिधि मौजूद होता है तो विकास कार्य तेजी से होते हैं उन्होंने कहा कि कई जगह प्रशासको की कार्यशैली को लेकर शिकायत से मिली है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर यह शिकायतें मिली है वहां तैनात प्रशासको के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई जगह सीमा विस्तार का कार्य हो चुका है लेकिन रामनगर में भी इसको लेकर कुछ सुधार अवश्य किया जाएगा ।उन्होंने सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर एक बार फिर कहा कि सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा तथा इसको लेकर शीघ्र ही अभियान भी चलाया जाएगा।





# मांगों को लेकर किसानों का एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

बाजपुर(उद संवाददाता)। चार सूत्री मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम दफ्तर पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि 20 गांव की भूमि प्रकरण को लेकर किसानों के आंदोलन को 10 माह पूरे हो चुके है लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष करम सिंह पड्डा की अगुवाई में किसान एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में एसडीएम दफ्तर पहुंचे। इसदौरान किसानों ने प्रदर्शनकर सीएम को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में पंजाब, हरियाणा की तर्ज पर देहरादून, ऊधमसिंहनगर व हरिद्वार के किसानों के नलकूप बिल माफ करने और पंजाब की तर्ज पर किसानों को कृषि उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की है। कहा कि भूमि आंदोलन को 10 माह पूरे हो चुके है। किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। सरकार को जल्द ही भूमि समस्या का निराकरण करना चाहिए। वहां भाकियू उग्रराहां के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा, जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सिंह सोनू, दलजीत सिंह रंधावा, विक्की रंधावा, पाल सिंह, प्रताप सिंह संधू, मनिंदर सिंह आदि किसान थे।



# तीन निरीक्षकों सहित 18 उपनिरीक्षकों के तबादले

चम्पावत(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने तीन निरीक्षकों समेत 18 दरोगाओं को इधर से उधर किया है। इनमें तीन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों समेत कई चौकी इंचार्जों के तबादले किए है। चम्पावत के कोतवाल योगेश उपाध्याय को टनकपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि प्रभारी निरीक्षक रीठा साहिब प्रताप सिंह नेगी को चम्पावत का कोतवाल बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पंचेश्वर इंद्रजीत को प्रभारी एएचटीयू प्रभारी बनबसा बनाया गया है। थानाध्यक्ष पाटी सुरेंद्र सिंह कोरंगा को वरिष्ठ उप निरीक्षक टनकपुर बनाया गया है। वहीं टनकपुर कोतवाली के उप निरीक्षक बीएस बिष्ट को वरिष्ठ उप निरीक्षक चम्पावत बनाया गया है। पाटी थाने की महिला उप निरीक्षक राधिका भंडारी को बाजार चौकी चम्पावत का प्रभारी बनाया गया है। एसआई कमलेश भट्ट को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष रीठा साहिब के पद पर भेजा गया है। कैलाश जोशी को कोतवाली पंचेश्वर से प्रभारी साइबर सैल टनकपुर, राकेश कठायत को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी ठुलीगाड़, हरीश प्रसाद को चौकी प्रभारी ठुलीगाड़ से चौकी प्रभारी बाराकोट, देवनाथ गोस्वामी को थानाध्यक्ष अस्थाई थाना भैरव मंदिर से थानाध्यक्ष पाटी, उप निरीक्षक हेमंत कठैत को थानाध्यक्ष अस्थाई थाना भैरव मंदिर से प्रभारी कोतवाली पंचेश्वर बनाया है।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे राज्य कर कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के बैनरतले दो सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य कर विभाग के कर्मियों ने धरना दिया और मांगे पूर्ण नहीं होने पर अनशन भूख हड़ताल की चेतावनी दी। धरना स्थल पर आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि राज्य में जीएसटी लागू होने के पश्चात विभाग के पुनर्गठन हेतु वर्तमान में अधिकारियों का ढांचा राज्य कर मुख्यालय द्वारा शासन को प्रेषित किया गया है जिस पर वर्तमान में कार्यवाही शासन स्तर पर चल रही है। इस सम्बंध में संगठन के संज्ञान में आया है कि उक्त ढांचे में राज्य कर अधिकारियों के पदों में कटौती और पद समाप्त किये जाने की संभावना है।



विभाग के उच्च अधिकारिरियों द्वारा कर्मचारियों के विरूद्ध शासन में गलत फीडबैक दिया जा रहा है। इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। वक्ताओं ने कहा कि राज्य कर अधिकारी के 50 प्रतिशत पद पर तृतीय श्रेणी कार्मिकों की लम्बी सेवा के बाद पदोन्नति तृतीय श्रेणी से राज्य कर अधिकारी के पद पर होती आयी है, तृतीय श्रेणी के कार्मिक पूर्णतः राज्रू के मूल निवासी हैं यदि राज्य के मूल निवासियों से यह अवसर भी छीन लिया जायेगा तो कार्मिकों, मूल निवासियों के हितों पर कुठाराघात होगा। ऐसा हुआ तो भविष्य में व्यापक आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान प्रांतीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय उपाध्याय ने अनशन और भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी। धरने में शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, मंत्री चन्द्रसेन, संरक्षक अरविंद सिंह, रघुवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम वर्मा, राकेश जखमोला, शेखर सिंह सहित अन्य सदस्यों राज्य कर अधिकारी के पदों पर कटौती रोकने और शासन स्तपर पर लंबित संशोधित नियमावली अविलम्ब स्वीकृत करने, राज्य कर मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों का शासन स्तर पर लंबित पुनर्गठित ढांचा अविलम्ब स्वीकृत करने की पुरजोर मांग की।

# सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सीएम हैल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों को अधिकारी गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हैल्पलाईन पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हैल्पलाईन पोर्टल को अधिकारी नियमित रूप से देखें व प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करें ताकि वह एल-2 पर न जायें। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के उपरान्त अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता भी करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाशत नही की



जायेगी। प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग 631, विद्युत विभाग 309, पेयजल निगम 161, नगर पालिका 154, बन्दोबस्त चकबन्दी विभाग 128, राजस्व विभाग 127, भू-अभिलेख 109, जल संस्थान 142, कर्मचारी राज्य बीमा औषद्यालय 55, पंचायती राज 93, पर्यावरण बोर्ड 87, नगर निगम 102, श्रम विभाग 177, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति 58, सिचाई विभाग 58, कुल 2391 शिकायतें लम्बित है। जिस पर जिलाधिकारी ने पेयजल, नगर निगम, पुलिस, विद्युत, राजस्व, पर्यावरण, श्रम विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, पंचायती राज खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सिंचाई आदि विभागीय अधिकारियों को लम्बित शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने नगर निकाय को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के दृष्टिगत दूरभाष नम्बर जारी करें जिससे लोग अपनी समस्या सरलता से रख सकें। उन्होने पेजयल व जल संस्थान को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल की क्षतिग्रस्त लाईनों को तत्काल प्रभाव से ठीक करायें इसकी शिकायत पोर्टल पर न जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी एसएम डोबाल, एएसपी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एससी त्रिपाठी, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिचाई पीसी पाण्डे, पेयजल ज्योति, शिवम द्विवेदी, जल संस्थान तरूण शर्मा, विद्युत विजय सकारिया, जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 ऐ0के0 वर्मा सहित वर्चुअल माध्यम से नगर आयुक्त काशीपुर, सभी उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय एवं तहसीलदार जुडे थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत और नए सांसदों के शपथ ग्रहण के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण काम लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होगी। हालांकि इस बार इस पर जिस तरह की खींचतान चल रही है, वह अप्रत्याशित है, फिर भी नई लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के संख्या बल से बने समीकरण को देखते हुए इसे स्वाभाविक कहा जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस क्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं बन पाने की वजह से इस बार अब इसके लिए चुनाव कराने की नौबत आ गई है। अब स्थिति यह है कि पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे भाजपा सांसद ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद के सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की नौबत आने के पीछे मुख्य बात यह सामने आई है कि विपक्ष की ओर से लोकसभा उपाध्यक्ष पद दिए जाने की मांग उठाई गई, लेकिन सरकार ने इसे लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया। नतीजतन, लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अब चुनाव के जरिए ही होगा। इस मसले पर विपक्ष का कहना था कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और अगर सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के रूप में सरकार के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। निचले सदन में लोकसभा अध्यक्ष का पद कई लिहाज से बेहद अहम होता है। उन्हें संतुलित और तटस्थ रुख रखते हुए सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति न्यायपूर्ण दिखना होता है, क्योंकि अध्यक्ष किसी सत्ताधारी दल या विपक्ष का नहीं होता, पूरे सदन का होता है। इसी तरह उपाध्यक्ष को भी सभी दलों के सदस्यों के प्रति समान भाव रखना होता है। ऐसे में अगर अध्यक्ष का चुनाव सभी दलों की सहमति से होता तो यह एक आदर्श स्थिति होती। मगर हालत यह है कि इस मामले में खुद सत्ताधारी गठबंधन के प्रमुख घटक तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल (एकी) के रुख ने भाजपा को चिंतित किया था। सवाल है कि आखिर किन वजहों से सरकार और विपक्ष के बीच इस मामले में एक परिपक्व सहमति नहीं बन पाई। अगर विपक्ष लोकसभा में उपाध्यक्ष पद मिलने पर अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को तैयार था, तब सरकार इस पर सहमत क्यों नहीं हुई? सच यह है कि लोकसभा अध्यक्ष का पद बेहद महत्त्वपूर्ण होता है और कई बार बहुत नाजुक स्थितियों में उनका फैसला निर्णायक होता है। सदन में बहुमत साबित करने, दल-बदल कानून लागू करने और सदन के सदस्यों की योग्यता और अयोग्यता का फैसला लेने के मसले पर लोकसभा अध्यक्ष के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यह छिपा नहीं है कि पिछली लोकसभा के दौरान अध्यक्ष के रवैये को लेकर विपक्षी दलों के बीच खासा असंतोष देखा गया। जबकि यह पद लोकसभा को संचालित करने के लिहाज से जितना महत्त्वपूर्ण होता है, उतना ही जरूरी यह है कि अध्यक्ष पर सदन के सभी जनप्रतिनिधियों का यह विश्वास हो कि किसी भी स्थिति में वे पक्षपात और पूर्वाग्रह के बिना सबके प्रति न्यायपूर्ण रुख अपनाएंगे। इसे सुनिश्चित करना सरकार की भी जिम्मेदारी होती है। अगर लोकसभा में जरूरी मुद्दों पर सभी संबंधित सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाते हैं तो इससे लोकतंत्र की खूबसूरती ही बढ़ेगी।

# जीएसटी के सहायक आयुक्त को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

देहरादून। बिलों में गड़बड़ी बताकर टैक्स सेटलमेंट को लेकर रेस्टोरेंट संचालक से 75 हजार रुपये रिश्वत लेते राज्य कर विभाग (स्टेट जीएसटी) के



सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे को विजिलेंस ने देहरादून के लक्ष्मी रोड स्थित जीएसटी मुख्यालय से रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस ने आरोपित सहायक आयुक्त के आवास व अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की। वहां से 650 ग्राम सोना और करीब दो किलोग्राम चांदी बरामद हुई। टीम की ओर से आरोपित की चल-अचल संपत्ति का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जांच एजेंसियां लगातार भ्रष्ट कार्मिकों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही हैं। विजिलेंस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि लक्ष्मी रोड स्थित जीएसटी मुख्यालय (गढ़वाल मंडल) के सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे के विरुद्ध शिकायत मिली थी कि वह एक रेस्टोरेंट संचालक के बिलों में गड़बड़ी बताकर उन्हें भारी जुर्माने का भय दिखा रहे हैं। जिसकी शिकायत रेस्टोरेंट संचालक ने विजिलेंस को दी। जिसमें आरोप था कि प्रकरण को सेटल करने के लिए शशिकांत दुबे 75 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। विजिलेंस की प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप टीम गठित की गई। मंगलवार को सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे ने शिकायतकर्ता को 75 हजार रुपये लेकर जीएसटी मुख्यालय बुलाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने दुबे को यह रकम दी, तभी विजिलेंस टीम ने उन्हें दबोच लिया। आरोपित से विजिलेंस मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है। विजिलेंस ने आरोपित के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरकार व विजिलेंस मुख्यालय ने बेहतर कार्य के लिए ट्रैप टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। राज्य सरकार न केवल भ्रष्टाचार को लेकर सख्त है, बल्कि पिछले कुछ दिनों में राज्य कर विभाग के साथ ही लघु सिंचाई विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग व खाद्य आपूर्ति के रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई भी कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने विजिलेंस समेत सभी जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचार की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी है। एसएसपी विजिलेंस ने आमजन से अपील की है कि यदि राज्य के सरकारी विभागों में नियुक्त कोई अधिकारी-कर्मचारी किसी प्रकार का दबाव बनाकर रिश्वत की मांग करता है तो निर्भीक होकर विजिलेंस के टोल फ्री नंबर 1064 व वाट्सएप नंबर 9456592300 पर सूचना दें। शिकायत कर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# जिला पंचायत कार्यालय में तैनात चौकीदार को स्थाई करने की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत कार्यालय में संविदा पर तैनात रात्रि चौकीदार प्रमोद मिश्रा को स्थाई करने की मांग की है। बता दें प्रमोद मिश्रा बीते कई वर्षों से जिला पंचायत कार्यालय में संविदा के रूप में तैनात हैं। प्रमोद मिश्रा पूरी निष्ठा से जिला पंचायत कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी कार्यशैली और ईमानदारी से प्रभावित सभी सदस्यों ने एक राय होकर बोर्ड की बैठक में प्रमोद मिश्रा को परमानेंट करने की मांग उठाई। प्रमोद मिश्रा ने समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।



# गावा ने जुनेजा परिवार की पहल को सराहा

रुद्रपुर(उद संवाददाता) क्षेत्र के समाजसेवी एवं उद्योगपति जुनेजा परिवार की माता जी स्वर्गीय सरोज रानी के स्वर्गवास के बाद पहले नेत्रदान और रस्म पगड़ी पर एक पौध मां के नाम वितरित करने की समाजसेवी सुशील गाबा ने सराहना की है। उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती जुनेजा को श्रद्धांजलि देते हुए जुनेजा परिवार द्वारा दिये गये पौधे को अपने गार्डन में रोहित किया। समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि क्षेत्र के समाजसेवी विशाल जुनेजा एवं अजय जुनेजा की माता जी सरोज रानी के देहांत के उपरांत जुनेजा परिवार ने माताजी की अंतिम इच्छा के अनुसार उनकी आंखें का नेत्रदान किया, इससे दो लोगों को रोशनी मिलनी संभव हुई। माताजी की रस्म पगड़ी पर आए सर्व समाज के लोगो को जुनेजा परिवार ने एक पौधा माताजी के नाम भेंट कर पर्यावरण बचाने की अनूठी पहल की है इस तरह के प्रयासों के लिए आज सभी को आगे आने की जरूरत है।



# मगरमच्छ ने सर्पदुली रेंज में गश्त कर रहे वनकर्मी पर किया हमला

रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सर्पदुली रेंज में गश्त कर रहे एक वन दरोगा पर नदी पार करने के दौरान मगरमच्छ ने हमला बोलते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल वनकर्मी को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्पदुली रेंज के रेंजर बिंदर पाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह 55 वर्षीय वन दरोगा अब्दुल सलाम चार अन्य कर्मचारियों के साथ गश्त पर निकले थे उन्होंने बताया कि इसी बीच खिनानौली बीट के समीप सभी कर्मचारी रामगंगा नदी पार ग्रस्त करने के लिए नदी को पार कर रहे थे इसी बीच अचानक मगरमच्छ ने अब्दुल सलाम पर हमला बोल दिया मगरमच्छ कि हमले के बाद उक्त कर्मचारी ने जब शोर मचाया तो साथ में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने अब्दुल सलाम को मुश्किल मगरमच्छ से छुड़ाया लेकिन तब तक मगरमच्छ द्वारा अब्दुल सलाम के शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था घायल वन दरोगा को तुरंत उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया रेंजर ने बताया कि घायल बनकर्मी का उपचार चल रहा है तथा उसकी हालत में सुधार है।

# तीस्ता नदी पर चीन को भारत का करारा जवाब

अर्से से चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था। लेकिन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमीं गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। इसके साथ ही दोनों देशों ने गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने और एक समग्र कारोबारी समझौते पर भी बातचीत करने का फैसला लिया है। बैठक में दस महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं हैं। चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था। किंतु कुछ समय पहले इस नदी पर एक विशाल जलाशय बनाने के बहाने चीन ने बांग्लादेश की जमीन पर बहने वाली तीस्ता नदी पर विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा शेख हसीना को जताई थी। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी थी। किंतु भारत द्वारा आपत्ति उठाए जाने पर बांग्लादेश ने जवाब दिया था कि 'चीनी राजदूत याओ वेन ने बीजिंग से ढाका को तीस्ता जल भराव क्षेत्र के विकास हेतु कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें तीस्ता नदी में वृहद स्तर पर सफाई करने, जलाशय और तटबंध बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं।' दरअसल तीस्ता नदी भारतीय राज्य सिक्किम व पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। इसे सिलिगुड़ी गलियारा या चिकन नेक कहा जाता है। पश्चिम बंगाल में स्थित 28 किमी की भूमि का यह संकीर्ण क्षेत्र है। यह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। इसके ईर्द-गिर्द नेपाल और बांग्लादेश हैं। भूटान का साम्राज्य इस गलियारे के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। इस लिहाज से यह भारत के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। अतएव भारत इस क्षेत्र में किसी भी बहाने चीन का हस्तक्षेप नहीं चाहता है। इस परियोजना पर करीब 8 हजार 300 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। चीन ने इस कार्य को शत-प्रतिशत अपनी पूंजी से पूरा करने की इच्छा शेख हासीना को जताई थी। चीन को इस काम का ठेका मिलने का मतलब, इस क्षेत्र में दखल के साथ नदी के जल प्रवाह का डाटा भी हासिल हो जाता। चीन के साथ भारत के रिश्ते कटुता एवं विश्वास के बने होने के कारण भारत चीन की उपस्थिति अपनी सीमाओं के ईद-गिर्द नहीं चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी भागीदारी से इस नदी पर भारत और बांग्लादेश के बीच जल-बंटवारे को लेकर चल रहा लंबा विवाद और गहरा सकता है? हालांकि 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही जल-बंटवारें पर सहमति से समझौते की बात चल रही है। दोनों पड़ोसी देश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में की गई बांग्लादेश की यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम समय पर समझौते के विरुद्ध खड़ी हो गईं, नतीजतन तय प्रस्ताव को निलंबित कर दिया गया। भारत एवं बांग्लादेश के बीच 25 वर्षों से दोनों देशों के बीच बहने वाली नदियों के जल बंटवारे को लेकर समझौते की बातचीत चल रही है। शेख हसीना और नरेंद्र मोदी की 2022 में परस्पर हुई बातचीत के बाद कुशियारा नदी के संदर्भ में अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं। 1996 में गंगा नदी जल-संधि के बाद इस तरह का यह पहला समझौता है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता माना गया है। यह भारत के असम और बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र को लाभान्वित करेगा। 54 नदियां भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के आर पार जाती हैं और सदियों से दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बनी हुई हैं। इन नदियों के किनारों पर मानव सभ्यता के विकास के साथ सृजित हुए लोक गीत और लोक कथाएं, धर्म एवं संस्कृति की ऐसी धरोहर हैं ,जो मानव समुदायों को लोक कल्याण का पाठ पढ़ाने के साथ नैतिक बल मजबूत बनायें रखने का काम करती हैं। बावजूद दोनों देशों के बीच बहने वाली तीस्ता नदी के जल बंटवारे को अंतिम रूप अब तक नहीं दिया जा सका है। नदियों के जल-बंटवारे का विवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद का विषय बना रहा है। ब्रह्मपुत्र को लेकर चीन से, तीस्ता का बांग्लादेश से, झेलम, सतलुज तथा सिंधु का पाकिस्तान से और कोसी को लेकर नेपाल से विरोधाभास कायम है। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव-बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होता रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच संपन्न हुए भू-सीमा समझौते के जरिए इस विवाद पर तो कमोबेस विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन बरकरार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश यात्रा पर गए थे, तब ढाका में द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी, लेकिन तीस्ता की उलझन, सुलझ नहीं पाई थी। विदेश नीति में अपना लोहा मनवाने में लगे नरेंद्र मोदी से यह उम्मीद इसलिए ज्यादा है, क्योंकि शेख हसीना दोनों देशों में परस्पर दोस्ती की मजबूत गांठ बांधने के उद्देश्य से भारत आती रही हैं। यह उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 2016 में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश के साथ कुछ बस्तियों और भूक्षेत्रों की अदला-बदली में सफलता प्राप्त की थी। इसलिए उम्मीद की जा रही है, कि तीस्ता नदी से जुड़े जल बंटवारे का मसला भी हल हो जाएगा। ऐसा माना जाता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच राजनैतिक दूरियों के चलते इस मुद्दे का हल नहीं निकल पा रहा है। यह विवाद 2011 में ही हल हो गया होता, यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अड़ंगा नहीं लगाया होता? तीस्ता के उद्गम स्रोत पूर्वी हिमालय में स्थित सिक्किम राज्य के झरने हैं। ये झरने एकत्रित होकर नदी के रूप में बदल जाते हैं। नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसलिए सिक्किम और पश्चिम बंगाल के पानी से जुड़े हित इस नदी से गहरा संबंध रखते हैं। तीस्ता नदी सिक्किम राज्य के लगभग समूचे मैदानी क्षेत्रों में बहती हुई बंग्लादेश की सीमा में करीब 2800 वर्ग किमी क्षेत्र में बहती है। नतीजतन इन क्षेत्रों के रहवासियों के लिए तीस्ता का जल आजीविका के लिए वरदान बना हुआ है। इसी तरह पश्चिम बंगाल के लिए भी यह नदी बांग्लादेश के बराबर ही महत्व रखती है। बंगाल के छह जिलों में तो इस नदी की जलधारा को जीवन-रेखा माना जाता है। भारत और बांग्लादेश के मध्य द्विपक्षीय सहयोग की शुरुआत इस देश के अस्तित्व में आने के वर्ष 1971 में ही हो गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से अलग होने वाले स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का समर्थन करते हुए अपनी शांति सेना भेजी और इस देश को पाक की गुलामी से मुक्त कराया। इस कारण दोनों देशों के बीच भावनात्मक संबंध हिंदुओं पर अत्याचार के बावजूद कायम हैं। 1983 में दोनों देशों के बीच एक तदर्थ जल हिस्सेदारी पर संधि हुई थी, जिसके तहत 39 एवं 36 प्रतिशत जल बंटवारा तय हुआ। इस समझौते द्वारा तीस्ता नदी के जल वितरण का समान आवंटन का प्रस्ताव ही नई द्विपक्षीय संधियों का अब तक आधार बना हुआ है। इसी कड़ी में वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के बांग्लादेश दौरे से पहले इस नदी जल के बंटवारे पर प्रस्तावित अनुबंध की सभी शर्तें सुनिश्चित हो गई थीं,लेकिन पानी की मात्रा के प्रश्न पर ममता ने आपत्ति जताकर ऐन वक्त पर डॉ सिंह के साथ ढाका जाने से इनकार कर दिया था। हालांकि तब की शर्तें सार्वजनिक नहीं हुई हैं, लेकिन ऐसा माना जाता है कि वर्षा ऋतु के दौरान तीस्ता का पश्चिम बंगाल को 50 प्रतिशत पानी मिलेगा और अन्य ऋतुओं में 60 फीसदी पानी दिया जाएगा। ममता की जिद थी कि भारत सरकार 80 प्रतिशत पानी बंगाल को दे, तब इस समझौते को अंतिम रूप दिया जाए। लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार इस प्रारूप में कोई फेरबदल करने को तैयार नहीं हुई, क्योंकि उस समय केंद्रीय सत्ता के कई केंद्र थे। नतीजतन लाचार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं कर सके। लिहाजा ममता ने मनमोहन सिंह के साथ ढाका जाने की प्रस्तावित यात्रा को रद्द कर दिया था। लेकिन अब राजग सरकार ने तब के मसौदे को बदलने के संकेत दिए हैं। लिहाजा उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम बंगाल को पानी देने की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। हालांकि 80 प्रतिशत पानी तो अभी भी मिलना मुश्किल है, लेकिन पानी की मात्रा बढ़ाकर 65-70 फीसदी तक पहुंचाई जा सकती है? ममता बनर्जी राजनीति की चतुर खिलाड़ी हैं, इसलिए वे एक तीर से कई निशाने साधने की फिराक में भी रहती हैं। तीस्ता का समझौता पश्चिम बंगाल के अधिकतम हितों को ध्यान में रखते हुए होता तो ममता बंगाल की जनता में यह संदेश देने में सफल होती कि बंगाल के हित उनकी पहली प्राथमिकता हैं। तब से अब तक ममता इस मुद्दे पर इकतरफा प्रभाव जमाए हुए हैं। नतीजतन परिणाम नहीं निकल पा रहा है। यदि यह समझौता हो जाता है तो इसके सामरिक हित भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सामरिक दृष्टि से बांग्लादेश के उदय के समय से ही नाजुक बना हुआ है। इसलिए बांग्लादेश की आर्थिक कमजोरी के चलते बांग्लादेशी घुसपैठियों की निरंतरता बनी हुई है। बांग्लादेश में करीब 10 लाख म्यांमार से विस्थापित रोहिंग्या शरणार्थी बने हुए हैं। ये भी भारत में लगातार घुसपैठ कर सीमावर्ती राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे हैं। करीब 40,000 रोहिंग्या भारत में अवैध घुसपैठियों के रूप में प्रवेश कर चुके हैं। लिहाजा तीस्ता एवं अन्य नदियों के जल बंटवारों पर कोई निर्णायक स्थिति बन जाती है तो बांग्लादेश में कृषि और जल आधारित रोजगार मिलने लग जाएंगे, फलस्वरूप भारत में घुसपैठ थमने की उम्मीद की जा सकेगी? दोनों देशों को संधि के उपरांत संयुक्त रूप से बाढ़ और सूखे की आपदा से निराकरण के उपाय तलाशना भी आसान होगा।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मनाई खुशियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र में मनिहारी गली (मान्या कलेक्शन से लेकर अशोक बंगा की दुकान तक) की सड़क का निर्माण पिछले 25 वर्षों से नहीं हुआ था उसके निर्माण हेतु टेंडर स्वीकृत होने पर व्यापारियों ने मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,सांसद अजय भट्ट,भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना का आभार व्यक्त



किया और व्यापारियों ने कहा कि ष्भाजपा सरकार ने हमारी परेशानियों को देखते हुए इस सड़क का निर्माण करवाने के लिए टेंडर पास किया और हमें लगता है शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा जिसके लिए हम मुख्यमंत्री ,सांसद,जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष का धन्यवाद करते हैंष् इस अवसर पर सुरेश खुराना, परमजीत सिंह पम्मा,रमन चावला,सोमनाथ छाबड़ा,नवीन सक्सेना,राजकुमार सक्सेना,प्रीत वेहड, राजेश भुड्डी, दीपक हुड़िया,किरण बटला, दौलत कक्कड़,सुरेश, सतीश कुमार,राजकुमार सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रुद्रपुर की पूजा यादव ने जीता गोल्ड मेडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुवाहाटी में आयोजित पुलिस ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रुद्रपुर निवासी पूजा यादव को स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने परिवार, शहर व राज्य का नाम रौशन किया है। रुद्रपुर निवासी पूजा यादव का ऑल इंडिया पुलिस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 25 जून को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। यह पूरे राज्य व जिले के गौरव का विषय है। रूद्रपुर निवासी पूजा यादव वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत है। उत्तराखंड में होने वाले 38 वें नेशनल गेम्स की तैयारी भी कर रही है। उन्हें जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष गुलाब सिरोही, जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित शर्मा, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह, जिला कीड़ा अधिकारी उधम सिंह नगर जानकी कार्की के साथ ही काशीपुर साई कोच नीरज कुमार, बाजपुर स्टेडियम कोच विपिन कुमार व आमिर, राकेश परिहार, दुर्गेश परिहार, अनिल खत्री, आरएसएस संघ प्रचारक संजय उपाध्याय सहित उत्तराखंड पुलिस




अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशाल सिंह ध पोला, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद सलीम, कॉमनवेल मेडलिस्ट मोहम्मद विभाग के कोच मनीष सनवाल व गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कार्यक्रम की सफलता पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिवस जिला भाजपा कार्यालय में आपात काल की बरसी काला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की सफलता पर कार्यक्रम संयोजक वेद ठुकराल, सह संयोजक विपिन सिंह, और गुरदीप सिंह ने सभी लोकतंत्र सैनानियों, उनके परिजनों, मुख्य अतिथि राजेंदर बिष्ट , प्रदेश एवं जिला भाजपा पदाधिकारियों, विधायक शिव अरोरा, दायित्वधारी, निवर्तमान नेतागणों, भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यवस्था मे लगे कार्यकर्ता ब्रजेश, मानस जायसवाल, सुनील ठुकराल , मनोज मदान, राजेश जग्गा, मयंक कक्कड, गजेंदर प्रजापति, जितेन्द्र चौहान आदि का आभार व्यक्त किया है।

## सूचना

मैं कि अजय कुमार पुत्र श्री मदन लाल कक्कड़, निवासी खुशी इन्क्लेव फेस-2, जगतपुर, रूद्रपुर, तहसील रुद्रपुर,जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड का हूँ। मेरे नाम एक भूखण्ड नं.-77 पैमाईश 30X40 फुट अर्थात् 111.52 वर्गमीटर, खसरा नं.-45/1 वाक्या जगतपुर, परगना व तहसील रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में है, जो मेरे नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। मैं प्राथी उक्त पर मालिक काबिज चला आ रहा हूँ। उक्त भूखण्ड मुझ प्रार्थी ने श्री राजकुमार से जरिये रजिस्ट्री बैनामा क्रय किया है जिसका रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 27.02. 2013 को कार्यालय उप-निबन्धक किच्छा के बही नं०- 1 जिल्द नं.-1366 के पृष्ठ 103 से 114 में नम्बर 2,314 में पंजीकृत है। उक्त भूखण्ड को श्री राजकुमार पुत्र श्री महंगाराम, निवासी कुन्ज विहार, गदरपुर, तहसील गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर ने श्री जयचन्द जैन पुत्र श्री रामचन्द जैन, निवासी रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर से क्रय किया था जिसका रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 20.05.2011 को कार्यालय उप-निबन्धक किच्छा के बही नं.- 1 जिल्द नं.-586 के पृष्ठ 225 से 240 में नम्बर 4,024 में पंजीकृत है। प्रार्थी की डीड नं.-4024 को मूल रजिस्ट्री व डीड नं.- 2314 की रजिस्ट्री का पृष्ठ सं.-113-114 की मूल प्रति कहीं गिरकर वास्तव में खो गये है। जिसकी सूचना प्राथी द्वारा दिनांक 24.06. 2024 को पुलिस चौकी आदर्श कालोनी रूद्रपुर में दर्ज करा दी गई है। प्राथी द्वारा उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक शाखा रुद्रपुर कोड 508 से उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अत: किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा उक्त रजिस्ट्री के उपयोग को पूर्णत: गलत व अवैध माना जाएगा। इसका उपयोग अवैध होगा।

# हादसो में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुर्घटना के अलग-अलग मामलो में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस आरोपी चालक को तलाश कर रही है। हरि मोहिनी सदन ऊं पर्वत विहार बजूनिया हल्दू कठघरिया निवासी परमानंद भट्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र सौरभ 22 जून की रात को घर की ओर जा रहा था। जब वह कमलुवागांजा में त्रिमूर्ति मंदिर के पास पहुंचा तभी एक पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता ने पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं नीलांचल कालोनी हल्द्वानी निवासी देवी दत्त कांडपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह गत दिवस अपनी पत्नी कमला कांडपाल के साथ जीतपुर नेगी रामपुर रोड में अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे तभी महिंद्रा टीयूवी वाहन ने उसकी पत्नी को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डिजिटल होगा जन समर्पण तहसील दिवस: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में सुशासन के दृष्टिगत जन संवाद तथा जन समस्याओं के समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने हेतु तहसील दिवस एवं जन सुनवाई दिवस में प्राप्त जन समस्याओं के स्थानीय स्तर पर प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण एवं अनुश्रवण की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं को मैनुअल से डिजिटल स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल के माध्यम से जनपद स्तर पर जन सुनवाई दिवस एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री जन समर्पण तहसील दिवस डिजिटल प्रक्रिया द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक तहसील



मुख्यालय पर माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को प्रात:10 बजे से कार्य समाप्ति की अवधि तक तहसील दिवस का आयोजन मेरी अध्यक्षता में किया जायेगा। रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 2 जुलाई प्रथम मंगलवार को तहसील रूद्रपुर, 16 जुलाई को तृतीय मंगलवार को किच्छा, 6 अगस्त प्रथम मंगलवार को सितारगंज, 20 अगस्त तृतीय मंगलवार को नानकमत्ता, 3 सितम्बर प्रथम मंगलवार को खटीमा, 17 सितम्बर को जसपुर, 01 अक्टूबर प्रथम मंगलवार को काशीपुर, 15 अक्टूबर तृतीय मंगलवार को बाजपुर, 5 नवम्बर प्रथम मंगलवार को गदरपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तहसील दिवस को राजकीय अवकाश होगा उसके दूसरे दिन कार्य दिवस को तहसील दिवस आयोजित किया जायेगा।

# लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने का आरोप

बागेश्वर(उद संवाददाता) ।नगर में एकाएक एक मुस्लिम समुदाय के कथित युवाओं पर नाबालिक युवतियों को जबरन लालच देकर अनैतिक देह व्यापार में धकेलने की चर्चाये चलने लगी है, मंगलवार सुबह नुमाईशखेत के पास एक कमरे में कुछ नाबालिक लड़कियों को कुछ मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों द्वारा उन्हें लालच देकर अनैतिक देह सम्बन्ध बनाने की चर्चाए सुनाई दी है, वही मामले में कुछ लोगो द्वारा हो हल्ला करने के बाद नाबालिक युवतियों के फरार होने की चर्चा के बीच स्थानीय युवकों ने मामले में जबरदस्त हंगामा काटा और हिंदूवादी संगठन ने जबरन नाबालिकों को चंद पैसों का लालच देकर नाबालिकों के साथ अनैतिक सम्बन्ध स्थापित करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हिन्दू लड़कियों को बहलाफुसलाकर उन्हें वशीभूत कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की घटनाएं होने के आरोप लगाते हुए मामले में पकड़े गए युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की, वही लोगों ने नगर में आए दिन खुलेआम कुछ महिलाओं द्वारा देह व्यापार का धंधा चलाने का आरोप भी लगाए जाने लगे हैं, वही अब तक किसी भी गिरोह के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार करने वाले ऐसे गिरोह के खिलाफ कोई कार्रवाई और पकड़ध कड़ नही होने पर नाराजगी जताई है। जबकि कथित सैक्स स्कैंडल चलाने वाले गिरोह में शामिल कुछ महिलाओं द्वारा भी नाबालिकों को बहला फुसलाकर ग्राहकों से मुहमांगी कीमत वसूल कर मोटी कमाई करने वाले गिरोह, और इनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नही होने से उनका हौसला बुलंद होने की चर्चाए सुनाई दे रही है, लोगों ने पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से नगर में ऐसे गिरोह को संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की अपील की है।

# रूपये देने के बाद भी नहीं करायी रजिस्ट्री, केस दर्ज

हल्द्वानी। लाखों रुपए देने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने और रकम हड़पने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि विपक्षीण पीड़ित को अब जाने से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमरावती कालोनी निवासी सुरेंद्र कुमार गंगोला पुत्र स्व. प्रताप गंगोला ने न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें उसका कहना था कि अमित पाठक पुत्र आनन्द बल्लभ पाठक व उमा पाठक पत्नी अमित पाठक निवासी भगवानपुर जय सिह से ग्राम भगवानपुर जय सिंह में 5 बीघा भूमि को 2000 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से खरीदने का सौदा किया था। पीड़ित का कहना है कि अमित पाठक ने जमीन बेचने से पूर्व बताया कि यह सम्पत्ति उसके पिता आनन्द बल्लभ पाठक के नाम पर है तथा जमीन का हिस्सा बॉट होने वाला है और यह भूमि प्रार्थी के हक हिस्से की है और उसे इसे विक्रय करने का पूरा कानूनी अधिकार उसे हासिल है। उसकी बातों में आकर उसने 6 सितबर 2022 को अनुबन्ध किया। इसके बाद उसने अमित पाठक एवं उसकी पत्नी उमा पाठक के बैंक ऑफ बड़ौदा लोहरिया के खाते में 8 लाख रुपए और 50 हजार रुपए जी पे के माध्यम से भुगतान किया। इसके बाद उसने अमित पाठक के कहने पर 6 सितंबर 2022 को 2 लाख और 80 हजार रुपए डाल दिए। इसके बाद उसने 25 लाख और इसके बाद फिर 24 लाख रुपए का भुगतान अमित पाइक को कर दिया। इसके बाद अमित पाठक को 21 अक्टूबर 2022 को सात लाख रुपए की धनराशि दी जिसके बाद अमित पाठक ने इकरारनामा 4 दिसंबर 2023 को प्राप्त करना स्वीकार किया और उसे विश्वास दिलाया कि वह मार्च 2024 से पहले रजिस्ट्री कर देगा। पूरी रकम देने के बाद भी अमित पाठक जमीन की रजिस्ट्री ही कर रहा है और ना ही पैसे वापस दे रहा है।

## पेज एक का शेष...

**सीबीआई ने केजरीवाल को ..**वकील विक्रम चौधरी ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा- केजरीवाल को दूसरे मामले में न्यायिक हिरासत में रहते हुए सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया। कोई आदेश पारित हो गया है और हमें जानकारी नहीं है। जिस तरह से यह किया गया है वह गंभीर चिंता का विषय है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। केजरीवाल के वकील की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने कहा- हमें जो समझ आ रहा है, चूंकि वह न्यायिक हिरासत में थे, इसलिए सीबीआई ने 24 तारीख को अदालत के समक्ष पूछताछ के लिए एक आवेदन दायर किया था फिर एजेंसी ने कल प्रोडक्शन वारंट की अनुमति लेने और उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने के लिए आवेदन दिया। केजरीवाल के वकील ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा- अगर मामला कल रखा जाए और हमें कागजात दे दिए जाएं तो आसमान नहीं गिर जाएगा। कोर्ट ने केजरीवाल के वकील से कहा- चूंकि उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, कार्यवाही कहां से शुरू होगी? केजरीवाल के वकील ने फिर कहा-आप हमें आवेदन दाखिल करने दीजिए। हमें जवाब देने के लिए समय दीजिए। सीबीआई ने इसके जवाब में कहा ये दलीलें हमारी गिरफ्तारी के बाद आने दीजिए। क्या उन्हें इस स्तर पर सुना जा सकता है? सीबीआई के वकील डीपी सिंह ने कहा- हम चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान केजरीवाल की गिरफ्तारी कर सकते थे, हमने नहीं किया। हमने इतने समय तक इंतजार किया। फिर हमने उससे पूछताछ की। सीबीआई के वकील ने कहा, हम कोर्ट की अनुमति मांग रहे हैं, क्योंकि वह हिरासत में हैं और जांच करना एजेंसी का विशेषाधिकार है। सीबीआई बगल के कमरे में अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करने और औपचारिक गिरफ्तारी के लिए उनकी हिरासत की मांग करती है। कोर्ट ने सीबीआई को अदालत परिसर में अरविंद केजरीवाल से पूछताछ करने की इजाजत दी। इसके बाद सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया।

**ओम बिरला फिर...**रह चुके हैं। भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। बतौर सांसद पहले कार्यकाल में 86 फीसदी उपस्थिति के साथ 671 प्रश्न और 163 बहसों में भागीदारी की थी। 2019 में दूसरी बार सांसद बनने पर लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया। बिरला के कार्यकाल में नए संसद भवन का निर्माण हुआ। तीन आपराधिक कानून, अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिकता संशोधन अधिनियम समेत कई ऐतिहासिक कानून भी पारित हुए। उन्होंने लोकसभा के 100 सांसदों के निलंबन व संसद की सुरक्षा पर कुछ कड़े फैसले लिए। पांचवीं बार ऐसा हो रहा है कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किए हैं।

**बाबा केदार के दर पर ..**प्रणाम किया। उन्होंने यात्रियों के साथ ही मंदिर में प्रवेश किया और जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति प्रभारी अधिकारी/ अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी ने सोनू निगम को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया और उनका स्वागत किया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने अवगत कराया कि केदारनाथ मंदिर में दर्शन के बाद गायक सोनू निगम अभिभूत दिखे। जब उनसे पूछा गया कि वह अचानक भगवान केदारनाथ के दर्शन को आ गये तो उन्होंने कहा यहीं समझों संदेश आते है अर्थात उन्हें भगवान केदारनाथ का बुलावा आया था। वह ईश्वर के प्रति सदा कृतज्ञ रहे हैं। कहा वह साथ ही अपने संघर्ष के बुरे-भले दिनों को और उस समय के सहयोगियों को हमेशा याद रखते है जिन्होंने मुंबई में बुरे दौर में उनको संभाला। जब वह अपने पिता के साथ शादियों में स्टेज पर गाते थे। उनके संदेशे आते हैं कहते तीर्थयात्री समझ गये कि उनका इशारा उनके गाये प्रसिद्ध गाने की तरफ भी है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी/ अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी सहित पुजारी शिवशंकर लिंग केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल पुष्पवान,लोकेंद्र रिवाड़ी, अरविंद शुक्ला, पारेश्वर त्रिवेदी, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

**आकाशीय बिजली गिरने से ..** 19 वर्षीय सुमित राणा और उसकी बहन 24 वर्षीय सुहावनी राणा धान की रोपाई करने के लिए खेत में गये थे। इसी दौरान उन पर आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गयी। अभी दो भाई बहनों की मौत को लोग भूल भी नहीं पाये थे कि आज आज एक बार फिर रोपाई के दौरान सचिन सिंह राणा पर की मौत से धान की रोपाई करने वाले किसान दहशत में हैं।

**डीएम से की ..**तपतपाती गर्मी में बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर है। इस बारे में विभाग से सम्पर्क किया गया तो वहां के अधिकारी नगर-निगम भेजते है, और नगर-निगम से तहसील भेजते है और वहां पर जाने पर यहा कहा जाता है कि हमारे पास ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में विद्युत कनैक्शन लगाने के लिए विभाग से कोई आदेश नहीं आया है। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी इंसानो के लिए सभी आवश्कयताओं मे से प्रथम श्रेणी में आता है। पर बिजली कनैक्शन न देने के कारण आज भी बहुत से परिवार बिना बिजली रहने के लिए मजबूर है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से इस सन्दर्भ में विद्युत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया गया है। इस दौरान दिलीप अधिकारी, लखपत, रोबिन विश्वास, अखिलेश यादव, सपन कुमार आदि मौजूद थे।

**पहाड़ी से गिरा ...** पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रात में अंधेरा होने के कारण खाई में उतरने में दिक्कत आ रही थी लेकिन एसडीआरएफ के जवानों ने इसकी परवाह न करते हुए अपना अभियान अंधेरे में भी जारी रखा। पत्थर से टकराकर स्कूटी सवार व्यक्ति 800 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम उस स्थान पर पहुंच गई जहां स्कूटी सवार व्यक्ति पड़ा हुआ था। तब तक स्कूटी सवार की मौत हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद शव को खाई से सड़क तक लाया गया और इसके बाद शव पुलिस के हवाले कर दिया गया। सड़क हादसे में मारे गए स्कूटी सवार की शिनाख्त 45 वर्षीय मातेश्वर पुत्र कुंदन सिंह निवासी सहिया के रूप में हुयी है। रेस्क्यू टीम हादसे के शिकार मातेश्वर की स्कूटी संख्या यूके 07एक्यू - 4547 को भी खाई से निकालकर सड़क पर ले आई।

**पिकप से गिरकर...**राहुल राठी ने कहा कि वाहन का दरवाजा कैसे खुला इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए है। समाचार लिखने तक मामले में किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

**मकान का ताला..** दिन पहले खराब हो गये थे। जबकि दो दिन पहले की जो फुटेज है उसमें बाइक सवार दो युवकों को रेकी करते देखा गया है। सुनील ने इन दोनों युवकों पर संदेह जताया है।

**फैक्ट्री में श्रमिक...**असमर्थ हो गया है। उसने कारखाना प्रबंधन से उचित मुआवजा देने तथा कम्पनी में स्थायी नियुक्ति की मांग की है। कृष्ण पाल ने कारखाना प्रबन्धन के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से भी न्याय की गुहार लगाई है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा　　एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नाले नालियों की सफाई सिर्फ दिखावा

## अधिकांश वार्डों और बाजार में गंदगी और कूड़े से पटे सभी नाले नालियां बारिश में बढ़ायेंगे कहर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कहने को तो नगर निगम प्रशासन द्वारा हर वर्ष मानसून से पूर्व मुख्य मार्गों के दोनों ओर के नालों व हर वार्ड में नालियों के साथ ही बाजार क्षेत्र के नालों व नालियों की तली झाड़ सफाई कराई जाती है। परंतु इस वर्ष निगम प्रशासन नाले नालियों की सफाई में सुस्त नजर आ रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नाले नालियों की सफाई बहुत ही धीरे गति से चल रही है। हांलाकि क्षेत्रवासी भी घर का कूड़ा खुले में फेंकने से बाज नहीं आ रहे है और कूड़ा नालियों में फंस रहा है। अब जबकि मानसून दस्तक दे चुका है। निगम प्रशासन द्वारा बहुत ही धीमी गति से तलीझाड़ सफाई का काम शुरू करवाया गया है। जबकि महानगर क्षेत्र के सभी नाले व नालियां गंदगी से पटे हुए हैं। जो वर्षा के दौरान कहर ढ़ाने को तैयार हैं। पिछले कई वर्षों से मानसून के दौरान बरसात अपना कहर बरसाती रही है। लेकिन अधिकारी इससे कोई भी सबक लेने को तैयार दिखाई नहीं दे रहे हैं। लगता है इनकी गहरी नींद तभी खुलेगी जब मानसून की लगातार तेज बरसात का पानी आवासीय क्षेत्रों में लोगों के घरों तथा बाजार में व्यापारियों की दुकानों में जाकर भारी नुकसान पहुंचायेगा। पूर्व में वर्षा पूर्व कल्याणी नदी के दोनों ओर की सफाई करवाकर यहां रहने वाले लोगों को वर्षा के दौरान सचेत रहने के लिए कहा जाता था। लेकिन अभी तक न तो कल्याणी नदी में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया और न ही संभावित बाढ़ से लोगों के जान माल की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय ही किये गये हैं। जिससे नदी के दोनों ओ रहने वाले सैकड़ों परिवारों में अभी से भय का वातावरण बना हुआ है। कल्याणी नदी की सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है। बाढ़ जैसी भयावह की स्थिति को भांपते हुये मजबूरन जिलाधिकारी को आगे आना पड़ा और उन्होने विगत दिवस कल्याणी नदी का निरीक्षण कर नदी से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये हैं। जो काम आज से दो माह पूर्व ही हो जाना चाहिए था वह काम जिलाधिकारी के आदेश पर अब किया जा रहा है। मानसून वर्षा के दौरान अधिकारी क्या नदी के दोनों ओर अतिक्रमण हटा पायेंगे इसमें संशय है। अब निगम प्रशासन को वक्त न गंवाते हुये तत्काल महानगर क्षेत्र के सभी नाले-नालियों की तली झाड़ सफाई के कार्य में तेजी लानी होगी ताकि समय रहते सभी नाले नालियां कूड़े से मुक्त हो सकें और वर्षा ऋतु के दौरान नगर वासियों को जलभराव की समस्या से न जुझना पड़े। निगम के कर्मचारियों द्वारा कई नाले-नालियों से कूड़ा निकाला तो गया है लेकिन निकाले गये कूड़े को अभी तक वहां से हटाया नही जा सका है जिसके चलते वह कूड़ा पुन: नालियों में ही पहुंच जा रहा है। रूद्रपुर में अधिकांश वार्डो में नालियों में कुड़े के ढेर जमा हुए है। यहां नियमित सफाई व्यवस्था नहीं होने से व लापरवाही से स्थिति भयावह हो चुकी है। वहीं कल्याणी नदी में भी क्षेत्रवासियों द्वारा खूड़ा और गंदगी डालने से पूरी नदी कूड़े से पटी हुई है। गत दिवस जब जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो सफाई व्यवस्था की हकीकत सामने आ गई। वहीं रूद्रपुर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में नालियों की सफाई नहीं हाने से लोगों के घरों और दुकानों में पानी भरने का खरता मंडरा रहा है। अगर जल्द से जल्द सभी छोटे और बड़े नालियों की सफ्ज़ई नहीं हुई तो मानसून काल में रूद्रपुर के लोगों को एक बार फिर भारी जलभराव का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल क्षेत्र में कूड़े से पटी नालियां नगर निगम प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे है।





## जलभराव को रोकने के लिये खुद आगे आये जिलाधिकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्की सी बरसात में ही रूद्रपुर नगर में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो जाने की समस्या को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है और बरसात के पानी की निकासी को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विगत दिवस कल्याणी नदी का सिडकुल क्षेत्र से होते हुये जगतपुरा के अटरिया पुल, आवास विकास पुलिस चौकी होते हुये किच्छा बाई पास रोड खेड़ा पुलिया तक का बारीकी से निरीक्षण किया। सिडकुल क्षेत्र में नदी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी उदय राज सिंह



ने नदी की सफाई व्यवस्था सिडकुल के माध्सम से कराने के आदेश दिये। इसके साथ ही सिडकुल क्षेत्र के जिन-जिन औद्योगिक घरानों द्वारा बिना ट्रीटमेंन्ट के नदी में गन्दा पानी छोड़ा जा रहा है उन्हे नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कल्याणी नदी की नियमित सफाई व्यवस्था के लिये नगर निगम व सिंचाई विभाग को आदेशित करते हुये कहा कि नदी की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाये और वर्षा ऋतु में नदी का बहाव बना रहे ताकि क्षेत्र में जल भराव की स्थिति न बन पाये।






रूद्रपुर में कूड़े से पटी नालियां और बड़े नाले एवं कल्याणी नदी में बदती गंदगी

## जुनेजा परिवार ने शोकसभा में पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जुनेजा परिवार ने शोक व्यक्त करने आये लोगो को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान 850 फलदार व औषधीय पौधे वितरित किये। शोक व्यक्त करने आये लोगो ने भी इस कदम की सराहना करते हुए स्वागत किया और पौधा ले जाकर उसकी सेवा का संकल्प भी लिया। जुनेजा फार्म चुकटी देवरिया किच्छा निवासी विशाल जुनेजा व अजय जुनेजा की माता जी सरोज जुनेजा का शनिवार को निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए मंगलवार को रुद्रपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया था। अक्सर शोक सभा मे धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया जाता है। परंतु जुनेजा परिवार ने शोक सभा मे आये लोगो को सनातन धर्म के अनुरूप पर्यावरण से जोड़ने की नई पहल की। मूल रूप से कृषि कार्य से जुड़े जुनेजा परिवार ने एक पौधा अपनी मां सरोज जुनेजा के नाम पर लगाने का संकल्प ले शोक सभा मे आने वाले लोगो को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने एक पौधा शोक सभा मे आये प्रत्येक व्यक्ति को देने का निर्णय लिया। जिसके चलते लीची, शहतूत, नींबू जैसे फलदार तो स्टीविया, अंजीर, तुलसी जैसे औषधीय पौधे रखे तो धार्मिक आस्था से जुड़े शमी व गुलाब के 850 पौधे उपलब्ध करवाए। शोक सभा मे आये लोगो मे जहां सभा के बाद वापस जाने की जल्दी अक्सर देखी जाती है। वही शोक सभा के बाद लोग प्रसाद के स्टॉल के साथ ही पौधे के स्टॉल पर भी खड़े दिखाई दिए। अजय जुनेजा ने बताया बीते दिनों पड़ी भीषण गर्मी का कारण पर्यावरण असंतुलन दिखाई दिया। जिसके चलते उन्होंने लोगो को आने वाले संकट से निपटने के लिए तैयार करने का संदेश देने का काम किया है।

